## जिलाधिकारी महोदय मेरठ की अध्यक्षता में दिनांक 05.03.2025 को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक कार्यवृत्तः–

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 05.03.2025 का जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थेः–

1. मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
3. सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ
4. कार्यरत फर्म के प्रतिनिधि श्री गौरव शर्मा, मै0 पावर मैक प्रोजेक्ट्स कन्स्ट्रक्शन, भूरत्नम कन्स्ट्रक्शन (जे0वी0)।
5. श्री मनोहर पनुगनति, मै0 आरवी एसोसिएट्स (टी0पी0आई0)।
6. श्री अभिनव गुप्ता, जिला समन्वयक, मै0 मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0)।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) द्वारा जारी गाईड लाइन के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने के लिये जनपद मेरठ हेतु मै0 पावर मैक प्रोजेक्ट्स–भूरत्नम कन्स्ट्रक्शन (जे0वी0), हैदराबाद को नामित किया गया है। जनपद मेरठ में जल जीवन मिशन हेतु कुल 472 ग्राम चयनित है। उक्त चयनित 472 ग्रामों के सापेक्ष समस्त 472 ग्रामों को सम्मिलित कर कुल 332 नग डी0पी0आर0 बनाकर शासन को प्रेषित की गई है। राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति द्वारा 332 नग डी0पी0आर0 की स्वीकृति प्रदान की गई है। फर्म स्तर से कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का अनुश्रवण टी0पी0आई0 द्वारा किया जा रहा है। **जनपद मेरठ में टी0पी0आई0 के रूप में मै0 आरवी एसोसिएट्स** कार्यरत है। साथ ही जनपद मेरठ मे District Project Monitoring Unit (डी0पी0एम0यू0) के रूप में **मै0 मेधज टैक्नों कॉन्सेप्ट लि0** कार्यरत है।

**पेयजल योजनाओं के कार्यो की प्रगतिः–**

जनपद में स्वीकृत 332 नग पेय जल योजनाओं की डी0पी0आर0 के सापेक्ष 325 नग पेयजल योजनाओं व कार्य प्रगति पर है। स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कुल 340 नग टयूबवैल, 309 नग ओवर हैड टैंक, 340 नग पम्प हाऊस 3025 कि0मी0 पाइप लाईन, 2,28,818 नग हाउस कनैक्शन आदि निर्माण कार्य स्वीकृत है। स्वीकृत कार्यो के सापेक्ष वर्तमान तक की प्रगति निम्न तालिका अनुसार है–

| वितरण प्रणाली की प्रगति | अवर जलाशय की प्रगति | नलकूप की प्रगति | गृह संयोजन की प्रगति नग | हर घर जल सर्टिफिकेट | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 2924 Km. /3025 Km. (96.66%) | 302/309 नग<br>0-25%:- 2 Nos<br>25-50%:- 1 Nos<br>50-75%:- 2 Nos<br>75-99%-10 Nos.<br>100%-287 Nos. | 333 नग/ 340 नग | 2,17,272/2,28,818 (94.94%) | 240 | 325 नग योजनाओं (453 नग ग्रामों) में कार्य प्रगति में है। |

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 41 नग पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं रख–रखाव का अनुबन्ध गठित कर कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है।

अद्यतन 246 पेयजल योजनाओं के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं तथा इन पेयजल योजनाओं में नियमि पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शेष 26 नग पेयजल योजनाओं के 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं व 53 नग पेयज योजनाओं के लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं 07 नग पेयजल योजनाओं के लिए अद्यतन भूमि उपलब्ध न हैं व उक्त में से 7 नग पेयजल योजनाओं के विद्युत विभाग से विद्युत संयोजन न होने के कारण विषयगत योजनाओं पेयजल आपूर्ति बाधित हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि 26 नग पेयजल योजनाओं, जिनके 90 प्रतिश

कार्य पूर्ण हो चुके हैं, को समयान्तर्गत पूर्ण करते हुए पेयजल आपूर्ति करना सुनिश्चित करें तथा शेष 53 नग पेयजल योजनाओं के कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करायें तथा विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता को उक्त 7 नग पेयजल योजनाओं के विद्युत संयोजन कराने हेतु निर्देशित किया गया तथा अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग को पत्र प्रेषण हेतु निर्देशित किया गया।

**रोड रिस्टोरेशन :–** अद्यतन कुल 182 नग ग्रामों में रोड रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिनकी विकास खण्डवार स्थिति निम्नानुसार है:–

| Sl. No. | Block | Reinstatement | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Dismantled (KM) | Road Restoration Completed in (KM) | Road Restoration yet to be Completed in (KM) |
| 1 | Jani | 229.92 | 222.22 | 7.70 |
| 2 | Kharkhoda | 143.78 | 141.69 | 2.09 |
| 3 | Meerut | 80.27 | 75.01 | 5.26 |
| 4 | Rajpura | 173.59 | 172.44 | 0.18 |
| 5 | Daurala | 239.49 | 228.13 | 1.93 |
| 6 | Rohta | 178.68 | 176.70 | 1.98 |
| 7 | Shardhana | 217.62 | 211.11 | 6.51 |
| 8 | Sarurpur | 189.39 | 179.41 | 9.41 |
| 9 | Hastinapur | 300.71 | 297.48 | 3.23 |
| 10 | Machara | 225.13 | 221.28 | 3.85 |
| 11 | Mawana | 261.73 | 257.26 | 4.37 |
| 12 | Parikshitgah | 329.89 | 325.00 | 4.89 |
| **Total** | | **2,570.18** | **2,507.73** | **51.40** |

ग्रामवार शेष रोड रिस्टोरेशन की स्थिति निम्नानुसार:–

| | |
|---|---|
| 01 कि0मी0 से ज्यादा शेष रोड रिस्टोरेशन वाले ग्राम | –10 ग्राम |
| 01 कि0मी0 से 500 मी0 तक शेष रोड रिस्टोरेशन वाले ग्राम | –40 ग्राम |
| 500 मी0 से कम, 100 मी0 तक शेष रोड रिस्टोरेशन वाले ग्राम ग्राम | –158 ग्राम |
| 100 मी0 से कम शेष रोड रिस्टोरेशन वाले ग्राम | –63 ग्राम |

जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी 182 नग ग्रामों की रोड रिस्टोरेशन की गुणवत्ता व मानक की जाँच सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से कराने के निर्देश दिये गयें तथा महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता व फर्म को 500 मी0 से कम शेष रोड रिस्टोरेशन वाले ग्रामों की रिस्टोरेशन माह अप्रैल, 2025 तक तथा शेष रोड रिस्टोरेशन माह मई, 2025 तक गुणवत्तापूर्वक व मानकानुसार पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**हर घर जल सर्टिफिकेशन:–** जनपद मेरठ में 472 ग्रामों में से 240 ग्रामों का हर घर जल सर्टिफिकेशन पूर्ण हो चुका है। जल जीवन मिशन फेज़ –2, 3, 5 के अन्तर्गत जनपद मेरठ लगभग 50 प्रतिशत के साथ हर घर जल सर्टिफिकेशन में प्रथम स्थान पर हैं एवं प्रदेश में 7वें स्थान पर है।

फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ ग्रामों के ग्राम प्रधान/सचिव हर जल सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर नहीं किया जा रहा है, जिस हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा विषयगत योजनाओं पर आवश्यक कार्यवाही हेतु खण्ड विकास अधिकारी को पत्र प्रेषण हेतु निर्देशित किया गया।

**भूमि उपलब्धता एवं विवादों की स्थिति हैं :–**

खण्ड स्तर से सम्बन्धित सहायक अभियन्ताओं, जूनियर इंजीनियर एवं मै0 पावर मैक प्रोजेक्ट्स भूरत्लम कस्ट्रक्शनस (जे0वी0), के प्रतिनिधियों द्वारा सम्बन्धित तहसीलों (मेरठ, मवाना एवं सरधना) में SLSSC से स्वीकृत डी.पी.आर. के सापेक्ष विवादित स्थल के निस्तारण हेतु राजस्व विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों से नियमित सम्पर्क किया जा रहा हैं। योजनाओं के निर्माण हेतु अनुपलब्ध, विवादित भूमि में विवाद का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | तहसील | अनुपलब्ध भूमि | विवादित स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | मेरठ | 2 | 1 |
| 2 | सरधना | 1 | 1 |
| 3 | मवाना | 4 | 9 |
| | कुल | 7 | 11 |

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी अपने से सम्बन्धित पेयजल योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें यदि ग्राम में भूमि उपलब्ध न हो तो सम्बन्धित उपजिलाधिकारी इस सम्बन्ध में प्रमाण पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें। जिन 11 नग ग्रामों में ग्राम प्रधान द्वारा कार्य नहीं करने दिया जा रहा है, उनके साथ उपजिलाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता व खण्ड विकास अधिकारी बैठक कर प्रकरण को निस्तारित करें।

**पेयजल गृह संयोजन, टैप की गुणवत्ताः**—अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग 60 प्रतिशत गृह संयोजनों के टैप घर के अन्दर लगाये गये हैं, किन्तु कुछ गृह स्वामियों के अनुरोध पर लगभग 40 प्रतिशत गृह संयोजन के टैप घर के बाहर हैं तथा टैप कास्ट आयरन की लगायी जा रही हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गयें कि गृह संयोजनों में लगाये गये टैप की गुणवत्ता की जांच टी0पी0आई0 द्वारा करायी जाये तथा अधिकांश गृह संयोजन घर के अन्दर किये जायें तथा गृह स्वामियों से सहमति ली जाये।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बजट के अभाव में गत 06 माह से भुगतान न होने के सम्बन्ध में फर्म तथा जल निगम के अभियन्ताओं द्वारा अवगत कराया गया, जिसके क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा मिशन निदेशक को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देश दिये गये।

अन्त में सभी का आभार व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक का समापन किया गया।

15/3/2025

**मुख्य विकास अधिकारी**
**मेरठ**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।**

**पत्रांक** 804 / पेयजल-71 / 222 **दिनांकः**— 17/03/2025

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
2. जिलाधिकारी, मेरठ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ।
4. उपजिलाधिकारी, मेरठ/सरधना/मवाना।
5. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, मेरठ।
6. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर (खण्डान्तर्गत)।
7. मै0 आरवी एसोसिएट्स (टी0पी0आई0), मेरठ।
8. मै0 मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0), मेरठ।
9. मै0 पावर मैक प्रोजेक्ट्स—भूरत्नम कन्स्ट्रक्शन (जे0वी0)।

17/3

**अधिशासी अभियन्ता**